हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने, पीएम आवास ...



10 बीमा पॉलिसी बंद होने का झांसा देकर 29 लाख की ...





# बस्तर के लोक गीत, संगीत और नृत्य से प्रभावित हुए अमित शाह और 3 मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दिनभर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद सोमवार की रात लगभग डेढ़ घंटे 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक ग्राम आसना के बादल संस्था में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित 3 राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य विशिष्ठ अतिथियों ने बस्तर की लोक गीत, संगीत और नृत्य का आनंद लिया। लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम बस्तर के संग प्रकृति और संस्कृति के रंग, शांति, विश्वास और विकास की नई उमंग दिया गया था। जहां ग्रामीण क्षेत्र के महिला, पुरूष कलाकारों ने अपने अंदाज में गीत गाकर और आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर प्रभावित किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव इस दौरान बस्तर के माहौल में ढले नजर आए। अन्य राज्य के दोनों मुख्यमंत्रियों को स्थानीय नेताओं ने लोक गीत, ▶▶| शेष पेज 10 पर



**बस्तर के व्यंजन का रात्रि भोज में चखा स्वाद**






## खबर संक्षेप

### डीजल पेट्रोल की बेतहाशा वृद्धि महंगाई ने तोड़ी कमरः अनवर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड के पूर्व सदस्य अनवर खान ने बताया कि प्रधानमंत्री की अपील ने महंगे पेट्रोल डीजल और गैस संकट से जुड़ी जनता के जख्मों पर नमक रखने का काम किया, पिछले दो माह से देश भर के लोग डीजल पेट्रोल और गैस की संकट से जूझ रहे हैं और महंगाई लगातार चरम सीमा पर है। भाजपा सरकार महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई बढ़ती महंगाई, टोल टैक्स, रेल किराया वृद्धि और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के कारण आम लोगों की आय और बजट दोनों प्रभावित हुई है। परिवार चलाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### जनगणना कार्य में लापरवाही पर 2 शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**बीजापुर।** जनगणना कार्य में विनय कुजूर सहायक शिक्षक की ग्राम परकेली एवं बण्डेमरका में ड्यूटी लगाई गई थी। कार्य नहीं करने की स्थिति में नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब आज पर्यन्त तक नहीं दिया गया। इसी तरह जनगणना प्रशिक्षण प्रथम बैच में रामसन जब्वा को किया गया था। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त तिथियों को घर में आवश्यक कार्य होने के कारण वे उपस्थित होने में असमर्थ थे। उनके यह निवेदन को स्वीकार करते हुए प्रथम बैच का प्रशिक्षण निरस्त कर उनके कहने पर विशेष रूप से द्वितीय बैच में ड्यूटी लगाई गई। उनकी उपस्थिति अपूर्ण पायी गई। जिसके पश्चात नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब देने शराब के नशे में आना पाया गया। वह बच्ची का बीमारी के इलाज में अन्य स्थान जाने का बहाना करने लगा। दोनों शिक्षकों का आचरण जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य के प्रति उदासीनता एवं शासकीय कर्तव्य की अवहेलना प्रदर्शित करता है। अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तहसीलदार ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है।

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाउस का आयोजन 30 को

**जगदलपुर।** दूर संचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र जिला कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोंडागांव के उपभोक्ताओं के लिए 30 मई की सुबह 11 बजे प्रधान महाप्रबंधक दूर संचार जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत-कम-ओपन हाउस लगेगा। उक्त अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग सम्बन्धी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हो तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कि गई हो ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं। फोरम अथवा न्यायालय में लंबित प्रकरण स्वीकार नहीं किये जायेंगे। बीएसएनएल सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण भी बीएसएनएल सर्किल ऑफिस रायपुर द्वारा नियुक्त नॉमिनी की उपस्थिति आनलाइन, आफलाइन में किया जाएगा।

### राष्ट्रीय मंच पर किया बस्तर के ढोकरा कला का प्रतिनिधित्व



**जगदलपुर।** युवा कलाकार सुरेंद्र सोनी का चयन राष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल वन स्टेट वन आर्टिस्ट के लिए किया ▶▶| शेष पेज 10 पर

**दुर्घटना :** ओडिशा का परिवार शादी से लौट रहा था, तभी मारेंगा के करीब हादसा

# तेज रफ्तार वाहन पलटने से चालक समेत आधा दर्जन लोग घायल








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के मारेंगा के करीब मंगलवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन पर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया और वह अनियत्रिंत होकर पलट गई। इस हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए डिमरापाल अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे छुट्टी दे दी गई। जानकारी के मुताबिक नवरंगपुर ओडिशा निवासी परिवार सोमवार को किरन्दुल विवाह समारोह में शामिल होने गया हुआ था। समारोह के बाद रात में सभी वापस ओडिशा जाने रवाना हुए। वापसी के दौरान देर रात लगभग 2 बजे स्कार्पियो क्रमांक ओडी 05 एफ 0503 का एक टायर फट गया। लेकिन चालक दीपक ने समझदारी दिखाते हुए किसी तरह गाड़ी पर नियंत्रण कर रोका इसके बाद स्टेपनी बदलकर दुबारा सभी नवरगंपुर के लिए रवाना हो गए। इसके बाद सुबह करीब 6 बजे चालक दीपक को अचानक झपकी आ गई। इससे वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और वह मारेंगा के करीब अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।

- **दो बार हुआ हादसा, पहले टायर फटा फिर स्कार्पियो पलटी**

इस हादसे में वाहन चालक दीपक के अलावा सवार नरेंद्र, गजेंद्र, जोगेंद्र, नवीन व जिसुधन को सामान्य चोट आई थी। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल परपा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल आवाजाही कर रहे लोगों की मदद से वाहन से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया। दो बार हुए हादसे के बाद भी घायलों को गंभीर चोट नहीं आई थी जो एक संयोग ही थी। घायलों ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई और किसी तरह क्षतिग्रस्त वाहन को बाहर निकाला और दूसरे वाहन से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

## 1.76 लाख की नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में युवाओं को नशे की ओर धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। थाना क्षेत्र स्थित डोंगरी में ग्राहकों का इंतजार कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.76 लाख रूपए की नशीली कैप्सूल बरामद किया है। नशीली कैप्सूल युवाओं को बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि मेटगुडा डोंगरी में स्थित शंकर मंदिर के पास दो युवक अपने सयुंक्त कब्जे में रखे कैरी बैग में अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। टीम तत्काल मेटगुडा डोंगरी शंकर मंदिर के पास में जाकर रेड कार्रवाई कर दो संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम करण यादव 27 वर्ष निवासी गंगामुण्डा व राहुल दास 28 वर्ष निवासी शांतिनगर फ्रेजरपुर का रहने वाला बताया। दोनों नशीली कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे थे उनके कब्जे से अवैध प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल का 55 पत्ता कुल 440 नग कीमत 1 लाख 76 हजार रूपए बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

- **नशीली दवा बेचने वालों के खिलाफ बोधघाट पुलिस ने की कार्रवाई**
- **डोंगरी में ग्राहकों का कर रहे थे इंतजार, तभी पुलिस ने पकड़ा**



**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, आरक्षक युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरीलाल आर्मो, विपिन मिंज, राम ठाकुर, परमानंद भोयर व संदीप राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ऑनलाइन बिजनेस कंपनी उपभोक्ता को देगी 29 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में आवेदक को बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा प्राप्त की गई राशि 29 हजार 900 रुपए वापस अदा करने एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ पारित किया।

- **जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने किया आदेश**




न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी शैलेंद्र जोशी के मोबाइल पर फेसबुक में यूट्यूब के माध्यम से बड़ा बिजनेस कंपनी लिमिटेड दिल्ली द्वारा बिजनेस करना सिखाए जाने का ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बिल्लौरी पेट्रोल पंप के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस नानगुर अध्यक्ष फूलसिंह बघेल के नेतृत्व में पेट्रोल-डीजल संकट व बढ़ती महंगाई के खिलाफ बिल्लौरी पेट्रोल पंप के समक्ष नारेबाजी करते विरोध प्रदर्शन किया गया।

मौर्य ने कहा सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। जबकि आम जनता महंगाई से त्रस्त है। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है।



ब्लॉक अध्यक्ष नानगुर ने बताया आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई के बोझ तले दबी जा रही है। पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मालभाड़ा बढ़ गया है, जिससे खाने-पीने की चीजें, सब्जियां और रोजमर्रा का हर सामान ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अवैध परिवहन करते 64 हजार रुपए का 68 बोरा मक्का जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि उपज की टैक्स चोरी और अवैध परिवहन को रोकने के लिए कृषि उपज मंडी की टीम सक्रिय हैं। अवैध परिवहन, भण्डारण और बिना वैध दस्तावेजों अनुज्ञा पत्र के व्यापार पर रोक लगाने के लिए चेकपोस्ट और नाकों पर चौबीसों घंटे वाहनों की जांच की जा रही है। बिना वैध दस्तावेजों और टैक्स चोरी करके ले जाए जा रहे ट्रकों, मेटाडोर, पिकअप और ट्रैक्टरों को जब्त किया जा रहा है। कई मामलों में तय मंडी शुल्क का पांच गुना जुर्माना वसूलने कार्रवाई की जा रही है। कृषि उपज मंडियों द्वारा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के राजस्व की रक्षा करना और बिचौलियों, कोचियों पर अंकुश लगाकर किसानों के हितों को सुरक्षित रखना है। ऐसी कार्रवाई हॉल ही में की गई, जिसमें कृषि उपज मंडी समिति जगदलपुर द्वारा जैबेल से सतोषा मार्ग में मेटाडोर वाहन क्रमांक सीजी 09 सी 1343 में 68 बोरा मक्का भरकर कोंडागांव के ▶▶| शेष पेज 10 पर

- **कोंडागांव के व्यवसायी पर पांच गुना मंडी शुल्क की कार्रवाई**
- **उपज की अवैध परिवहन को रोकने में जुटी कृषि उपज मंडी की टीम**




**नारेबाजी कर तहसीलदार को ज्ञापन देकर लौट गए कांग्रेसी**

# कांग्रेसियों को पुलिस ने मिताली चौक में रोका गृहमंत्री शाह से मिलने का नहीं मिला समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेसी सुबह 11 बजे राजीव भवन से निकलकर अमित शाह से मिलने बैठक स्थल इंद्रावती नदी पुल पार कर होटल पहुंचने के लिए निकले। लेकिन मिताली चौक गोलबाजार मार्ग पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। नारेबाजी के बाद तहसीलदार को अमित शाह के नाम लिखे ज्ञापन सौंपकर लौट गए। एक दिन पहले कलेक्टर को ज्ञापन देकर अमित शाह से मिलने के लिए समय मांगा गया था। लेकिन समय नहीं मिलने पर कांग्रेसी सीधे केंद्रीय गृहमंत्री से मिलने रवाना हो गए। इस दौरान विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक मोहन मरकाम, चंदन कश्यप, रेखचंद जैन, शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, छविन्द्र कर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

ज्ञापन में आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा और जल, जंगल, जमीन के संरक्षण समेत अन्य कई मांगों का उल्लेख है। नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण न होने की गारंटी देने, एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर लाने, बंद स्कूलों को चालू करने, बैलाडिला के डिपाजिट को निजी हाथों में सौंपने, नक्सलमुक्त हुए ग्राम पंचायतों को 1-1 करोड़ देने, जेल में बंद लगभग 4 हजार निर्दोष आदिवासियों को रिहा करने तथा 20 हजार से अधिक आदिवासियों पर फर्जी मुकदमें वापस लेने, बस्तर के युवाओं को नौकरी और रोजगार के लिए विशेष पैकेज, धान की गड़बड़ियों में दोषियों पर कार्यवाही करने सहित अन्य मुद्दों पर केंद्रीय गृहमंत्री से कांग्रेस ने जवाब मांगते ज्ञापन तहसीलदार को दिया है।




## राजस्व परिसर में वन विभाग ने की चिन्हित पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के राजस्व परिसर में नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ढाई माह पूर्व हाऊसिंग बोर्ड ने मेसर्स रूबी कंस्ट्रक्शन से अनुबंध किया। परिसर में चिन्हित पेड़ों के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका था, इसके चलते हाऊसिंग बोर्ड के पत्र पर वन विभाग ने पेड़ों की कटाई की। पेड़ों की कटाई के बाद अब नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होने के संभावना है। नए उप पंजीयन कार्यालय में संपत्ति पंजीकरण, दस्तावेज स्कैनिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए आधुनिक डिजिटल सिस्टम की व्यवस्था होगी। पुराने दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए विशेष कक्ष और तकनीक होगी। कार्यालय में आरामदायक वेटिंग एरिया, टोकन सिस्टम, पेयजल और दिव्यांग-अनुकूल सुविधाएं होंगी।



### *ठेकेदार को दिए निर्देश*

*हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि चिन्हित पेड़ों कटाई होने से ठेकेदार को निर्देश दिए कि शीघ्र ही 71.41 लाख रुपए की लागत से नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू करेंगे।*

# सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने, पीएम आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति जानी

## योजनाओं का लाभ पात्रहितग्राहियों को दिलाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के सफल आयोजन और दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रें तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत जिले के दूरस्थ एवं विशेष जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और विकास को केंद्र में रखते हुए उत्सव को प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्रों में जन्म लेने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्धारित समय–सीमा में आसानी से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में राजस्व मामलों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने "स्वामित्व योजना" के तहत हितग्राहियों को शीघ्र मैप वितरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राशन वितरण, धान उठाव, लखपति दीदी योजना, एग्रीस्टैक पंजीयन तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शेष हितग्राहियों को लाभान्वित करने की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने के आवेदनों की समीक्षा

बैठक में सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिक लंबित प्रकरण वाले विभागों को फटकार लगाते हुए समय–सीमा के भीतर आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेट्रोल पंपों में स्टॉक की नियमित निगरानी करने तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद और बीज उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि केंद्रों की सतत निगरानी करते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वीकृत आवासों के निर्माण कायोंर् में तेजी लाने के निर्देश संबंधित जनपद सीईओ एवं नगर पालिका अधिकारियों को दिए।



### अधिकारियों की रही मौजूदगी

बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम सबसे दूर, सबसे पहले" रखी गई है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित उन्मुखीकरण बैठक में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी विभागों को जनजातीय क्षेत्रें तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं विशेष जनजातीय क्षेत्रें में निवासरत हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा बताया गया कि 18 मई से 25 मई 2026 तक सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत प्रचार–प्रसार अभियान, स्वास्थ्य शिविर, लाभार्थी संतृप्ति, ट्रांसेक्ट वॉक और जनसुनवाई जैसी गतिविधियां होंगी। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम का आयोजन धरती आबा अभियान अंतर्गत चयनित गांवों में प्राथमिकता से किया जाए, ताकि सुदूर अंचलों के लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्मुखीकरण बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर के बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी गगन साहू पिता देवेंद्र साहू उम्र 20 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक रविवार की रात्रि घर में भोजन कर टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान देर रात्रि युवक ने अपने घर के सामने बाड़ी स्थित आम पेड़ में निवाड़ रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह युवक को पेड़ पर फंदे में लटका देख परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से नीचे उतरवाकर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व अभिषेक सोनकर की मदद से शव को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

## सफलता: दिल्ली-यूपी से हो रहा था साइबर गैंग का संचालन, पकड़ा गया

# बीमा पॉलिसी बंद होने का झांसा देकर 29 लाख की ठगी, अंतर्राज्यीय गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दिल्ली, गाजियाबाद और उत्तरप्रदेश से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीमा पॉलिसी बंद होने और रकम वापस दिलाने का झांसा देकर क्षेत्र के एक व्यक्ति से करीब 29 लाख 69 हजार की ऑनलाइन ठगी की थी।

पुलिस के अनुसार रिपोर्ट के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर के निर्देशन में एसडीओपी फरसगांव अभिमन्यु उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तकनीकी जांच शुरू की गई। करीब दो महीने तक बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजेक्शन का विश्लेषण करने के बाद पुलिस टीम दिल्ली और उत्तरप्रदेश रवाना हुई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी खुद को बीमा कंपनी और बीमा लोकपाल का अधिकारी बताकर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क करते थे। इसके बाद बीमा पॉलिसी बंद होने और रकम वापस दिलाने का भरोसा देकर लोगों से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह बेहद शातिर तरीके से फर्जी सिम, बैंक खाते और मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करता था। आरोपी एजेंटों के माध्यम से बैंक खाताधारकों के आधार और मोबाइल नंबर बदलवाकर खातों को अपने कब्जे में लेते थे। उन्हीं खातों में ठगी की रकम जमा करवाते थे। लगातार लोकेशन और मोबाइल बदलकर गिरोह पुलिस से बचने की कोशिश करता था।



### पीड़ित को फर्जी कॉल कर बनाया निशाना

प्रकरण के अनुसार फरसगांव निवासी शंकरलाल राणा को 27 नवंबर 2025 को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को बीमा लोकपाल परिषद सीआईओ का एजेंट बताते हुए कहा कि उनके बीएसई स्टॉक एक्सचेंज में लगभग 71 लाख रुपये का फंड जमा है, जिसका क्लेम अभी तक नहीं किया गया है। आरोपियों ने क्लेम प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर अलग–अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क किया और फर्जी दस्तावेज भेजकर विश्वास में लिया। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क के नाम पर अलग–अलग किश्तों में लगभग 29 लाख 69 हजार रुपये विभिन्न खातों में जमा करवा लिए।

### इन आरोपियों को हिरासत में लिया गया

पुलिस ने दिल्ली और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर इसरार अहमद निवासी संगम विहार दिल्ली, आकिल निवासी बरेली हाल निवासी दिल्ली, शिवम गुप्ता निवासी दिल्ली, नितिन कुमार त्यागी निवासी गाजियाबाद, रजा हुसैन निवासी नई दिल्ली, तरुण कौशिक निवासी रोहतास नगर दिल्ली एवं प्रदीप बघेल निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से फर्जी सिम, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

### 7 साल से सक्रिय था गिरोह

पुलिस के अनुसार यह गिरोह पिछले 6-7 वर्षों से साइबर अपराध में सक्रिय था। विभिन्न राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

उक्त कार्रवाई में एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के हमराह, निरीक्षक राजकुमार सोरी, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र ठाकुर, आरक्षक अजरंग बघेल, रामकुमार ठाकुर, लक्ष्मीनाराण शोरी, महिला आरक्षक सरस्वती यादव, एवं सायबर टीम से प्रधान आरक्षक अजय बघेल, बीजू यादव, की उल्लेखनीय भूमिका रही है। हेड क्वाटर कोण्डागांव से डीएसपी नरेन्द्र पुजारी, निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, थाना प्रभारी फरसगांव चन्द्रशेखर श्रीवास, प्रधान लूमन भण्डारी, आरक्षक मनोज पोयाम, जीतू मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रभारी मंत्री ने जामगांव में निर्माणाधीन विद्युत उपकेन्द्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, आबकारी व श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शुक्रवार को केशकाल विकासखंड के जामगांव में निर्माणाधीन 132/33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने उपकेन्द्र में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विद्युत उपकेन्द्र के पूर्ण होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी और लोगों को विद्युत संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर कांकेर सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# पेण्ड्रावन में श्रम पंजीयन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 38 श्रमिकों का हुआ पंजीयन और नवीनीकरण

निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेण्ड्रावन में मोबाइल श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार श्रम पदाधिकारी कार्यालय, जिला कोंडागांव द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 36 श्रमिकों का नया पंजीयन किया गया, जबकि 2 हितग्राहियों के श्रम पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। शिविर के दौरान श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना शामिल रहीं। अधिकारियों ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# दिव्यांग बुध सिंह को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ समाज कल्याण विभाग ने दी सहूलियत

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बड़े राजपुर निवासी बुध सिंह सेठिया को मोटराइज्ड ट्राईसायकल दी गई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग, कोंडागांव द्वारा जिला कार्यालय में श्री सेठिया को मोटराइज्ड ट्राईसायकल उपलब्ध कराई गई। बुध सिंह सेठिया ने बताया कि बीमारी के कारण उनके दोनों पैर प्रभावित हो गए थे, जिससे उन्हें आने–जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से दैनिक कार्यों और आवश्यक गतिविधियों के लिए आवागमन आसान हो जाएगा। ट्राईसाइकिल प्राप्त करने के बाद श्री सेठिया ने शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

# आंगनबाड़ी भर्ती, फसल नुकसान और सीमा विवाद जैसे मामलों को प्राथमिकता से सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रो से पहुंचे ग्रामीणों और नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। समय–सीमा बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी मांगों और शिकायतों को लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम धनपुर निवासी सुकलचंद मरकाम ने डोंगरीपारा आंगनबाड़ी केंद्र में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती कराने की मांग रखी। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। माकड़ी विकासखंड के ग्राम तमरावंड निवासी पदमन मरकाम ने जनदर्शन में पहुंचकर मक्का फसल को हुए नुकसान की जानकारी दी और शासन से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**सीमा विवाद सुलझाने की मांग लेकर पहुंचे ग्रामीण** – ग्राम मंदोड़ा के ग्रामीणों ने जनदर्शन में ग्राम पंचायत कड़ेनार के आश्रित ग्राम मंदोड़ा तथा नारायणपुर जिले के सीमावर्ती गांव बेरेहबेड़ा और कचोरा के बीच चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से विवाद के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को मामले का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण** – जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए लोगों ने पेयजल, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राशन कार्ड, पेंशन और अन्य समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर के लोक गीत...

संगीत और नृत्य के बारे में जानकारी देकर उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया। बताया गया कि रात्रि भोज में भी बस्तर के व्यंजन परोसे गए जिसका स्वाद सभी ने चखा।

### ऑनलाइन बिजनेस कंपनी...

विज्ञापन दिखाने पर आवेदक द्वारा उक्त बिजनेस कंपनी से संपर्क किया गया था। आवेदक द्वारा 29 हजार 900 रूपए की राशि उक्त कंपनी के अकाउंट में ज्वाइन करने हेतु प्रदान की गई थी पर लंबे समय तक कंपनी द्वारा बिजनेस की प्रक्रिया के बारे में ना सिखाए जाने एवं ऑनलाइन ट्रेनिंग नहीं दिए जाने के कारण आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग की समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर विचारण करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि कंपनी द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग दिए जाने के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया है और आवेदक द्वारा अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए उक्त कंपनी से संपर्क किया गया था। इसे पूर्ण न कर कंपनी द्वारा सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। आवेदक को हुई मानसिक क्षति हेतु 10000 रूपए पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### बिल्लौरी पेट्रोल पंप...

महंगा हो गया है। इस दौरान नीलूराम बघेल, राजेश चौधरी, कविता साहू, अभिषेक नायडू, नीतीश शर्मा, राजेश कश्यप, संतोष सेठिया, सूयार्पानी, रविशंकर तिवारी, लता निषाद, एस नीला, अर्पणा बाजपेई, रजत जोशी, गौरी, कमला, प्रतिभा, विनोद सेठिया , सुंदरलाल सेठिया, जगन्नाथ बघेल, चमनलाल देहारी, खेमराज सेठिया, लोकेश सेठिया, विरलेख सरपंच बिलोरी, मनी, नरेंद्र सेठिया, महादेव पोयम, चिंगड़ू बघेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### अवैध परिवहन करते...

व्यवसायी द्वारा बिना मंडी कागजात के अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने से मंडी अधिनियम अनुसार पांच गुना मंडी शुल्क की वसूली की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में मंडी निरीक्षक सहित सब इंसपेक्टर पिंटू बघेल, कम्पयूटर आपरेटर ए प्रभाकर टीम में शामिल रहे। मक्का 68 बोरी अनुमानित वजन 34 क्विंटल कीमती 64 हजार 600 रूपए पर पांच गुना मंडी शुल्क 9974 रूपए वसूल किया गया। **उपज का अवैध परिवहन नहीं करें**: मंडी निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि बिना आवश्यक दस्तावेज वैध कागजात के कृषि उपज मक्का ले जाने पर मंडी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसलिए व्यावसायियों से निर्देश दिया कि उपज का अवैध परविहन नहीं करें।

### राष्ट्रीय मंच पर किया...

गया, जहां उन्होंने हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध ढोकरा कला का प्रतिनिधित्व किया। एक से 9 मई तक नशालाए हिमाचल प्रदेश में आयोजित इस विशेष पहल में देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित 38 युवा लोक एवं पारंपरिक कलाकारों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य भारत की पारंपरिक और लोक कला विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था। बस्तर जिले के सुरेंद्र सोनी ने सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली ढोकरा कला को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला परंपरा को देशभर के कलाकारों और दर्शकों तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के साथ आर्ट तैयार किए तथा कला कार्यशालाओं, सांस्कृतिक संवाद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस राष्ट्रीय पहल में छत्तीसगढ़ से अन्य युवा कलाकारों का भी चयन हुआ, जिनमें उत्तम साहू ने प्रसिद्ध लोक कला टेराकोटा का प्रतिनिधित्व किया।

## लोक निर्माण विभाग के सचिव बंसल ने किया निरीक्षण

# फोरलेन बायपास का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने रायपुर–जगदलपुर मार्ग पर प्रस्तावित केशकाल घाट फोरलेन बायपास रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के साथ बायपास के दोनों छोरों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने संबंधित अधिकारियों को बायपास निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 308 करोड़ रुपए की लागत से 11.38 किलोमीटर लंबा फोरलेन केशकाल घाट बायपास बनाया जाएगा। यह परियोजना रायपुर–जगदलपुर मार्ग पर यातायात को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना के अंतर्गत दो वृहद पुल एवं दो मध्यम पुलों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे आवागमन और अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक होगा।



### *पेड़ों की कटाई और मुआवजा प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश*

*सचिव ने वन विभाग को शेष बचे पेड़ों की कटाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### उप जेल में जगी शिक्षा की नई रोशनी



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए उप जेल बीजापुर में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षर कैदियों, बंदियों के लिए नवसाक्षरता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर असाक्षर कैदियों को अध्ययन सामग्री के रूप में पेन, पेंसिल, पुस्तकें एवं व्हाइटबोर्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को साक्षर बनाकर उनमें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता का विकास करना है, ताकि वे समाज में पुनः सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया ने कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

### हड़ताल के बीच जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय उप संचालक खाद्य औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार ऑल इंडिया केमिस्ट ड्रगिस्ट संघ द्वारा 20 मई को प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा हेतु आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी विषम परिस्थिति में मरीजों को आवश्यक दवाइयों की कमी न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं जिला औषधि संघ के पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### कलेक्टर ने किया गाटम स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले के विकासखण्ड कटेकल्याण के गाटम स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध उपचार व्यवस्था, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से सांप काटने के उपचार हेतु आवश्यक एंटी स्नेक वेनम दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में ग्रामीणों को तत्काल उपचार मिल सके।

# एएम, एनएस इंडिया की ज्ञानज्योति छात्रवृत्ति से सपनों को मिली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा/किरंदुल



आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया एएम, एनएस इंडिया ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। कंपनी के किरंदुल स्थित बेनिफिसिएशन प्लांट द्वारा संचालित ज्ञानज्योति छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़ी सफलता हासिल की है।

इस अवसर पर दंतेवाड़ा जिले के अत्यंत दुरस्थ और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र चोलनार और मदाड़ी ग्राम पंचायत के चार प्रतिभावान विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति राशि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। यह इस पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है क्योंकि पहली बार इन ग्राम पंचायतों के युवाओं ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सम्मानित होने वाले छात्रों में भीमा मंडावी के सुपुत्र सुकुल मंडावी शामिल हैं जिन्होंने बीवी एससी एवं एएच में प्रवेश पाया है। वहीं राजेश कुमार कड़ती के सुपुत्र जोगा राम कड़ती का चयन एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। इनके साथ ही तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में राकेश कड़ती सुपुत्र बोमड़ कड़ती को बी.टेक. इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और सोनिया मंडावी सुपुत्री नंदा मंडावी को बी.टेक. बायोटेक्नोलॉजी में सफलता प्राप्त करने पर विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

इन युवाओं ने चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे चुनौतीपूर्ण विषयों को चुनकर यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और सहायता मिले, तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी देश के किसी भी मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा सकती हैं। समारोह के दौरान एएम, एनएस इंडिया के जीएम बीपी एंड एसपीएल, प्रोजेक्ट हेड, सिविल इंजीनियरिंग विभाग और सीएसआर टीम के अधिकारियों ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सोमारू कड़ती, मंगल कुंजाम और आठ ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए। उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने एएम, एनएस इंडिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छात्रवृत्तियां न केवल छात्रों की आर्थिक बाधाओं को दूर करती हैं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनती हैं। इस अवसर पर पुरस्कृत विद्यार्थियों ने कहा कि सुदूर अंचलों में संसाधनों की कमी के कारण उच्च शिक्षा का सपना देखना भी कठिन होता है, लेकिन एएम, एनएस इंडिया की ज्ञानज्योति छात्रवृत्ति ने उनकी राह आसान कर दी है। विद्यार्थियों ने इस सम्मान के लिए कंपनी का आभार जताते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वे भविष्य में अपनी शिक्षा पूरी कर अपने परिवार और समाज की सेवा करें। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी के इस प्रोत्साहन से उनके जैसे अन्य ग्रामीण छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे बिना किसी वित्तीय चिंता के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

## विधायक ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया लोकार्पण

# स्वास्थ्य व शिक्षा को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत भैंसगांव में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक दिन देखने को मिला। जहां बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के सानिध्य में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**■ ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर दिखा उत्साह**

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पंचायत क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की मांग की जा रही थी विशेषकर गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर मरीजों को उपचार के लिए घोटिया, लोहंडीगुड़ा, बस्तर सहित दूरस्थ क्षेत्रों तक जाना पड़ता था, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब नव निर्मित दो मंजिला आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनने से क्षेत्रवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं गांव स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी, वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था भी आसान होगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के समय विधायक के प्रयासों से गांवों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना गया था। इसी क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भैंसगांव प्रवास एवं भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और खेती से जुड़ी समस्याएं रखी थी। उस समय गांव की मांगों को गंभीरता से लेते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया था, जिसका परिणाम आज क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि भैंसगांव जैसे अंतिम छोर के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए गए। गांव में हाई स्कूल भवन निर्माण से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तक अनेक विकास कार्य हुए हैं। बच्चों की शिक्षा को लेकर बरसात के दिनों में नदी पार कर स्कूल पहुंचने की समस्या भी प्रमुख थी, जिसे ध्यान में रखकर शिक्षा सुविधाओं का विस्तार किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बाउंड्रीवाल एवं समतलीकरण कार्य की मांग रखी, जिस पर विधायक ने विधायक निधि से 5 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सभी प्रयास किए जाएंगे। इसी अवसर पर युवा कार्यकर्ता बुदरू बघेल ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीणों का विश्वास हमेशा विकास कार्यों के माध्यम से मजबूत हुआ है उनकी मांग पर विधायक ने गांव में सीसी रोड निर्माण हेतु विधायक निधि से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की जनहित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शासकीय हाई स्कूल भैंसगांव में विद्यार्थियों के लिए टेबल-बेंच वितरण किया गया।

विधायक शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सदैव गंभीर रहते हैं तथा समय-समय पर विद्यालय के शिक्षकों से चर्चा कर विद्यार्थियों की जरूरतों की जानकारी लेते रहते हैं। स्कूल में पुस्तक, खेल सामग्री, फर्नीचर सहित आवश्यक सुविधाएं लगातार उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणामों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कक्षा दसवीं में अध्ययनरत कुल 17 विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 5 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 विद्यार्थी पूरक रहा।

### शिक्षक समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी

विधायक ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए नवीन भवन निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में सेवा देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं आयुष्मान के पदस्थ डॉ. महेंद्र नेताम को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस दौरान मौजूद रहे पूर्व जनपद सदस्य बैद्यनाथ मौर्य, जनपद सदस्य चईत राम, सरपंच मदन बघेल, बोदरा सरपंच कचरु राम, खोटलापाल बलराम, रोतमा बोटीराम, पंच चैतन, जगदीश, जयमन, मेहतु, लैखन भारती, रामसाय, मीथेन, जयमन, पिंटू तिवारी, राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला मार्ग रात होते ही डूब जाता है अंधेरे में

**सुकमा।** नगर पालिका परिषद की लापरवाही से शहरवासी मूलभूत सुविधा से वंचित होकर जीवन जीने को मजबूर हैं, कई वार्डों में खुली नालियां मौत को दावत दे रही हैं तो जिला मुख्यालय का मुख्य मार्ग समेत आधा शहर रात होते ही अंधेरे में डूब जाता है।



नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन कहा कि डबल इंजन का दावा करने वाली सरकार के राज में सुकमा में तीसरा इंजन बन जाने के बाद भी जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। शहर के कई वार्डों में नालियों पर ढक्कन ही नहीं हैं। आए दिन बच्चे-बुजुर्ग इनमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बारिश में तो हालात और बदतर हो जाते हैं। बीमारी फैलने का खतरा अलग। वार्डों के बिजली के खंभों पर लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। शिकायत के बाद भी नगर पालिका सुध नहीं ले रही। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी शाम ढलते ही अंधेरे में डूब जाता है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। महिलाओं का शाम के बाद निकलना मुश्किल हो गया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन ने कहा नगर पालिका में भाजपा का कब्जा है और राज्य में भी इनकी सरकार है। फिर भी सुकमा की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। क्या यही है विकास का मॉडल, नालियों के ढक्कन तक नहीं लगा सकते, स्ट्रीट लाइट नहीं लगवा सकते, तो करोड़ों के विज्ञापन किस बात के। मोहम्मद हुसैन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 दिन में खुली नालियों को ढका नहीं गया और वार्डों-मार्गों पर लाइट नहीं लगी तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि रात को घर से निकलने में डर लगता है। नाली खुली है, लाइट नहीं है। बच्चे कब गिर जाएं पता नहीं। पालिका सिर्फ टैक्स वसूलती है, सुविधा कुछ नहीं देती। नगरीय प्रशासन विभाग सिर्फ कागजों पर योजना चला रहा है, सुविधाओं के नाम से कर और टैक्स वसूल कर दुरुपयोग किया जा रहा है ।

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में निखर रही बच्चों की प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में अंचल के बच्चों की खेल प्रतिभाएं निखर रही हैं।

एजुकेशन सिटी में आयोजित इस आवासीय शिविर में जिले के सुदूर क्षेत्रों से आए खेलों में रुचि रखने वाले बच्चों को विभिन्न खेलों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर विश्वदीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों को उचित मंच उपलब्ध कराकर उनकी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है। शिविर में जिले के चारों विकासखंडों से आए 260 बच्चे आवासीय सुविधा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को दो पालियों में वालीबाल, फुटबॉल, सॉफ्टबॉल, तीरंदाजी, बैडमिंटन, तैराकी, एथलेटिक्स एवं कबड्डी सहित 8 खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को खेलों के नियम, अनुशासन, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। प्रतिदिन योग कक्षाओं का आयोजन कर बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

खेल गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों को सेंट्रल लाइब्रेरी में सामान्य ज्ञान एवं शैक्षणिक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में स्पोर्ट्स अकादमी में प्रवेश देकर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल शिविर बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से भी जोड़ रहा है।

# लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग के बाद लगा एटीएम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

एसबीआई किरंदुल शाखा के शाखा प्रबंधक उत्कर्ष देवांगन के अथक प्रयासों से नए एटीएम की स्थापना संभव हो पाई। उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह जगदलपुर, मुख्य प्रबंधक महेंद्र देशमुख, शाखा प्रबंधक उत्कर्ष देवांगन किरंदुल, प्रेस क्लब किरंदुल के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक तथा कोषाध्यक्ष डॉ. बैरागी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नए एटीएम मशीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया।

अब तक बंगाली कैंप, चार नंबर, रामपुर कैंप एवं गुजरात कैंप के लोगों को पैसे निकालने के लिए लगभग 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। रामपुर कैंप में एटीएम शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रेस क्लब किरंदुल के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने बताया कि वे लगातार एसबीआई प्रबंधन से बंगाली कैंप और रामपुर कैंप के मध्य एटीएम मशीन लगाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन का कार्यालय स्थित है, जहां प्रतिदिन हजारों ट्रकों का आवागमन होता है।

ट्रक ड्राइवरों एवं स्थानीय लोगों को पैसे निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और उन्हें करीब 3 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। अब रामपुर कैंप में एटीएम खुलने से ट्रक ड्राइवरों, व्यापारियों और आसपास क्षेत्र की आम जनता को बड़ी राहत और सुविधा मिलेगी। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एटीएम क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा और इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी।

# बल्क वेस्ट जनरेटरों को दिए गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के कड़े निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

नगर पालिका परिषद बड़े बचेली द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर क्षेत्र के बल्क वेस्ट जनरेटरों थोक कचरा उत्पादकों को नियमों के प्रति जागरूक करने और उन्हें जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन द्वारा एक विशेष बैठक एवं जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें नए नियमों की विस्तृत जानकारी देकर उनका पालन करने की हिदायत दी गई।

कार्यशाला के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब नए नियमों के तहत कचरे का स्रोत स्तर पर ही पृथक्करण करना पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अंतर्गत गीला और सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित करना होगा। सैनिटरी एवं विशेष श्रेणी के हानिकारक अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना होगा। सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने ही परिसर में ऑन-साइट कम्पोस्टिंग खाद बनाने की व्यवस्था करनी होगी, ताकि गीले कचरे का मौके पर ही प्रसंस्करण किया जा सके।

# एनएमडीसी प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल




एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को अपेक्स इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली ने सिडाडे डे हैरिटेज गोवा में आयोजित समारोह में 10वें अपेक्स इंडिया ग्रीनलीफ एंड एक्सीलेन्स अवार्ड-2025 सामुदायिक विकास श्रेणी के अंतर्गत अपेक्स इंडिया सीएसआर उत्कृष्टता के लिए सर्वोच्च प्रतिष्ठित प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित ईएचएस, ईएसजी, ऊर्जा व प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन पर आयोजित सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीके सहगल सेवानिवृत्त मेजर जनरल, भारत के रक्षा विशेषज्ञ व टीईडीएक्स वक्ता विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के श्रम व रोजगार मंत्रालय के डॉ. अवनीश सिंह, महानिदेशक सेवानिवृत्त भी उपस्थित थे। यह अवार्ड किरंदुल परियोजना की ओर से परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और विवेक कुमार रक्शा, वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर ने ग्रहण किया।

इस पुरस्कार के माध्यम से एनएमडीसी लिमिटेड की सामुदायिक विकास कार्यों को उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई, जो विभिन्न परियोजनाओं और पहलों के जरिए प्राप्त की गई है। यह अवार्ड प्राप्त होने पर केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन सीएसआर ने कहा कि यह सम्मान एनएमडीसी लिमिटेड की सामुदायिक विकास जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और सीएसआर के क्षेत्र में सामाजिक जिम्मेदारी के लिए परियोजना के निरंतर प्रयासों को उजागर करता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए परियोजना प्रमुख ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों सराहना की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. / 202604170500005 / अ-21 (5) / 2025-26

**उद्घोषणा-पत्र**

एतद द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कैलाश बाई देवांगन पति हरिशंकर एवं अन्य 02, निवासी नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके नाम पर ग्राम नारायणपुर, पटवारी हल्का नंबर 17 नारायणपुर में भूमि खसरा क्रमांक 925/4 रकबा 0.04 हेक्टेयर भूमि दर्ज है, उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि है, उक्त भूमि में से रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि को रुपयों की आवश्यकता होने के उक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा प्रस्तावित क्रेता पीताम्बर देवांगन पिता हरिशंकर देवांगन, जाति कोष्टा, के साथ रुपये 3,00,000 (तीन लाख मात्र) में तय किया गया है, अतः विक्रय अनुमति प्रदाय किया जावे, जिसकी सुनवाई दिनांक 29.05.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार नारायणपुर

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 18/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामसिंग नाग पिता सामनाथ नाग जाति माहरा निवासी ग्राम बड़ेमोरठपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता श्री सामनाथ नाग पिता मोसू नाग मृत्यु तिथि 7/11/2021 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बड़ेमोरठपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 02/06/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 02/6/2026

(मुहर) तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 14/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री परदेशी मौर्य पिता स्व. लखमू जाति मुरिया निवासी ग्राम कोयपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता श्री लखमू पिता मोसू मृत्यु तिथि 02/02/2025 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 28/05/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 28/5/2026

(मुहर) तहसीलदार तोकापाल





**जगदलपुर।** ग्राम आसना के बादल संस्था में सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित 3 राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बस्तर की लोक गीत, संगीत और नृत्य का आनंद लिया। लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम बस्तर के संग प्रकृति और संस्कृति के रंग, शांति, विश्वास और विकास की नई उमंग दिया गया था। जहां ग्रामीण क्षेत्र के महिला, पुरूष कलाकारों ने अपने अंदाज में गीत गाकर और आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर प्रभावित किया। इसके पहले सभी का बस्तर की संस्कृति के अनुसार स्वागत किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव इस दौरान बस्तर के माहौल में ढले नजर आए।

## खबर संक्षेप

### बंद पड़े सोलर पैनल की मरम्मत एवं रखरखाव जरूरी



**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े सोलर पैनलों की मरम्मत एवं नियमित साफ-सफाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि बस्तर जिले के अनेक गांवों में पूर्व में सोलर लाइट, सोलर पंप एवं अन्य सोलर सिस्टम स्थापित किए गए थे। अधिकांश सोलर पैनल आज खराब स्थिति में हैं। कई स्थानों पर बैटरियां खराब हो चुकी हैं, तकनीकी खराबियों के कारण सिस्टम बंद पड़े हैं तथा समय पर साफ-सफाई नहीं होने से उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

कश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि इन सोलर प्रणालियों की समय रहते मरम्मत एवं नियमित रखरखाव नहीं किया गया, तो शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित होगा। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि जिले में स्थापित पुराने सोलर पैनलों का सर्वे कराया जाए। खराब एवं बंद पड़े सोलर सिस्टम की मरम्मत कराई जाए। सोलर पैनलों की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। आवश्यकतानुसार नई बैटरी एवं तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। ज्ञापन प्राप्त कर क्रेड़ा के सहायक अभियंता गोपी कश्यप ने शीघ्र मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान लचीराम भारती, घासीराम बघेल, देवनाथ मौर्य, अमन बघेल, धर्म बघेल, सोहनलाल, संदीप, लाजवान, चिकन फाल्गुनी, श्रवण, हेमलाल एवं छोटूराम उपस्थित रहे।

# शिक्षा, योग-आयुर्वेद व निःस्वार्थ सेवा के लिए उपेश्वर सम्मानित

## *बहुउपयोगी औषधि पौधा निर्गुंडी के रोपण का भी चला रहे अभियान, प्रतिभा उत्कर्ष कोष समिति का किया है गठन*



### *निर्धन विद्यार्थियों की कर रहे मदद*

*निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक संकट से बचाने के लिए समाजजनों के साथ मिलकर उन्होंने प्रतिभा उत्कर्ष कोष समिति का गठन किया है। वे स्वयं इसके अध्यक्ष हैं। इस कोष के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में निरंतर सहायता मिल रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

आदिशक्ति महामाया की धरा झलमला में आयोजित हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांकेर जिले के ग्राम बाबु दबेना निवासी उपेश्वर ठाकुर को शिक्षा एवं योग-आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

उपेश्वर ठाकुर वर्तमान में अध्यक्ष, प्रतिभा उत्कर्ष समिति कांकेर एवं जिला प्रभारी, पतंजलि योग समिति कांकेर के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक कार्यों, योग-आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता अभियान तथा निःस्वार्थ, निःशुल्क सेवा के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि अमिला भेड़िया की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे श्याम नायक, मंतू राम पवार, जीआर राना, पीआर नाइक, किशन मानकर, झुमुक लाल रावटे सहित समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें सम्मानित किया। उपेश्वर ठाकुर जिले में योग के साथ-साथ बहुउपयोगी औषधि पौधा निर्गुंडी के रोपण का सघन अभियान चला रहे हैं।

## योगी आदित्यनाथ का विधायक और महापौर ने किया आत्मीय स्वागत...




**जगदलपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मां दंतेश्वरी विमानतल पर मंगलवार की सुबह आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री को बस्तर की पारम्परिक कलाकृति और स्मृति चिहन भेंट कर छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से अभिनन्दन किया। देव ने कहा कि आपके मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ और विशेषकर बस्तर अंचल में विकास, सुशासन और जन-कल्याण के संकल्पों को गति मिलेगी। पारंपरिक बस्तरिया अंदाज और लोक संस्कृति की झलक के साथ अतिथि-सत्कार किया गया। वहीं महापौर संजय पांडेय ने भी योगी आदित्यनाथ का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने भाजपाइयों के अलावा सनातनी लोगों में काफी उत्साह दिखा। लेकिन तगड़ी सुरक्षा के चलते पास धारी बड़े नेता ही उन तक पहुंच पाए और मेल मुलाकात हो पाई।

# आदर्श आचरण संहिता का पालन करने किया अव्हान

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरपालिका परिषद, नगर पंचायतों के उप निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता का पालन करने का अव्हान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरीय निकायों में उप निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है। आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं शासकीय सेवकों के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। आयोग के निर्देशानुसार जिले में नगरीय निकायों के उप निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कांकेर जिले के नगरपालिका परिषद कांकेर, नगर पंचायत चारामा एवं पखांजूर के अंदर सभी राजनैतिक दलों से सबद्ध व्यक्तियों, सभी अभ्यर्थियों एवं समस्त शासकीय सेवकों को निर्वाचन आदर्श आचरण संहिता का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के लिए आवेदन करने वाले जिले के इच्छुक आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण 15 मई से प्रारंभ किया जा चुका है, प्रशिक्षण 04 जून तक दिया जाएगा। अग्निवीर में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक आवेदक उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### इलाज के लिए लाए युवक की हुई मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए युवक का इलाज से पहले ही मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश करते हुए पुलिस को बताया कि 18 मई को इलाज के लिए अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के 37 वर्षीय देवाराम मंडावी पिता धरमू राम मंडावी को इलाज के लिए अस्पताल में लाए थे। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया कि युवक की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया फैसला

# बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन की राशि 9 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने सोमवार को एक प्रकरण में आवेदक को चोलामंडलम एम.एस. जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन का साल्वेज प्राप्त कर बीमित मूल्य की राशि 9 लाख रु एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया है। प्रकरण में जगदलपुर निवासी दिलीप कुमार ने पिकअप वाहन का बीमा चोलामंडलम एम.एस. जनरल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा किया था। आवेदक की वाहन एक सड़क दुर्घटना में पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस हेतु आवेदक ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया था। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वे करवाने के पश्चात चालक बदले जाने एवं उसके पास वैध एवं प्रभावी लाइसेंस नहीं होने के कारण आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर दिया था। आवेदक ने जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमाधारक की ओर से इस तरह के उल्लंघन को बीमाकर्ता द्वारा यह दिखाने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए कि न केवल बीमाधारक ने अधिनियम के उल्लंघन में वाहन का उपयोग किया या उपयोग करने की अनुमति दी बल्कि यह भी कि उसे जो भी नुकसान हुआ है वह उल्लंघन से हुआ है। जिससे स्पष्ट है कि बीमा कंपनी को दायित्व से बचने के लिए बचाव को स्थापित करना होगा एवं बीमा शर्तों के उल्लंघन के प्रमाण का भार बीमा कंपनी पर होगा। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने यह आदेश जारी किया है।

# रायपुर से कोंटा जा रही यात्री बस पलटी, शिक्षिका की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर थाना क्षेत्र के बालेंगा के करीब नेशनल हाइवे 30 पर तड़के हुए सड़क हादसे में बस में सवार शिक्षिका की मौके पर मौत हो गई। हादसे में कुछ यात्रियों को सामान्य चोट आई थी जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद जेसीबी से बस को हटाकर यातायात बहाल किया गया बस्तर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर से कोंटा जा रही रॉयल ट्रेवल्स की बस बालेंगा कोसा सेंटर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार कवर्धा निवासी दोरनापाल में पदस्थ शिक्षिका पद्मनी चंद्रवंशी की मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद बस बीच सड़क पर ही पलट गई जिससे नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए जेसीबी मशीन बुलाई गई जिसकी मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस को हाईवे से हटाकर किनारे किया गया और काफी मशक्कत के बाद यातायात को दोबारा सुचारू रूप से बहाल किया जा सका।

बस्तर थाना प्रभारी ने बताया कि पंचनामा के बाद शव पीएम के लिए भेजा गया था जिसे पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। हादसे की वजह की पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार काफी तेज थी जिस पर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया और वह अनियंत्रित होकर पलट गई।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, नाती घायल

**नगरी।** गत दिनों फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम बिरगुड़ी निवासी हरिकलाल समुंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद नाती अनुज समुंद्र घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिक लाल समुंद्र अपने नाती अनुज समुंद्र के साथ मोटरसाइकिल छोड़ने फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास गए थे। वापस लौटते समय फॉरेस्ट ऑफिस के गेट के पास अचानक एक ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि हरिक लाल समुंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, अनुज समुंद्र की आंख में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया। हरिकलाल समुंद्र क्षेत्र में हल्बा समाज के एक सम्मानित व्यक्ति थे और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। वे समाज सेवा के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन से गांव सहित समाज में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।







